BSES

अब ऑनलाइन लीजिए बिजली का कनेक्शन, डिमांड नोट भी ऑनलाइन मिलेंगे

- ऑनलाइन फॉर्म भरें, और अपने कागजात स्कैन करके वेबसाइट पर पोस्ट करें
- बीएसईएस ऑफिसों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं
- ऑनलाइन माध्यम नहीं अपनाने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी प्रक्रिया आसान। उनके घर पर ही, टैब से पूरी होंगी सारी औपचारिकताएं

नई दिल्लीः 4 जून, 2015। अब आप घर बैठे, ऑनलाइन ले सकते हैं, बिजली का कनेक्शन। इसके लिए आपको बीएसईएस ऑफिसों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। बीएसईएस की वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू.बीएसईएसदिल्ली.कॉम पर आवेदन करें और उसके बाद, जरूरी कागजात/ डॉक्यूमेंट्स को स्कैन करके उन्हें बीएसईएस वेबसाइट पर पोस्ट कर दें। टेक्निकल फिजिबिलिटी देखने के बाद, आवेदक के नाम डिमांड नोट जारी कर दिया जाएगा। और, डिमांड नोट का भुगतान करते ही आवेदक को बिजली का कनेक्शन मिल जाएगा। डिमांड नोट का भुगतान करने के लिए, सिर्फ एक बार उपभोक्ता को बीएसईएस के ऑफिस आना होगा, बस।

सामान्य प्रक्रिया के तहत, पहले जहां बिजली कनेक्शन के लिए डिमांड नोट तैयार करने में 7 से 10 दिनों का वक्त लगता था, वहीं अब तीन दिन में ही उपभोक्ता का डिमांड नोट तैयार हो जाएगा।

बीएसईएस की कोशिश है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के, जल्द से जल्द बिजली का कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि उपभोक्ता कनेक्शन के लिए सही कागजात स्कैन करके, बीएसईएस वेबसाइट पर पोस्ट करें।

वर्ल्ड बैंक की *ईज ऑफ डुइंग बिजनेस* यानी कार्य को आसान बनाने की मुहिम के तहत, बीएसईएस ने यह पहल शुरू की है और बिजली का कनेक्शन लेने की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन बना दिया है। फिलहाल, डिमांड नोट का भुगतान करने के लिए, सिर्फ एक बार उपभोक्ता को बीएसईएस के ऑफिस आना होगा। लेकिन जल्द ही, नए कनेक्शन के लिए भी ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। उसके बाद, उपभोक्ता को इस सिलसिले में एकबार भी बीएसईएस के ऑफिस नहीं आना पड़ेगा।

फिलहाल, वर्ल्ड बैंक के *ईज ऑफ डुइंग* बिजनेस इंडेक्स में भारत की रैंकिंग 137 है। बीएसईएस की कोशिश है कि इस रैंकिंग को बेहतर बनाने में वह भी कुछ योगदान दे। यही वजह है कि इस दिशा में भारत सरकार के उर्जा मंत्रालय द्वारा की गई पहल को आगे बढ़ाते हुए, बीएसईएस अपनी प्रक्रियाओं को *ईज ऑफ डुइंग बिजनेस* के हिसाब से ढालने की कोशिश कर रही है।

टैब से उपभोक्ता के घर पर ही की जाएगी कागजात की स्कैनिंग

जो उपभोक्ता ऑनलाइन माध्यम नहीं अपनाना चाहते हैं, और पहले की ही तरह, सामान्य तरीके से कनेक्शन लेना चाहते हैं, उनके लिए भी कनेक्शन की प्रक्रिया को काफी आसान बना दिया गया है। सामान्य तरीके से कनेक्शन लेने के इच्छुक आवेदक 39999707– बीआरपीएल/ 39999808– बीवाईपीएल पर बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने के बाद, उपभोक्ता के घर पर ही टैबलेट/ टैब के माध्यम से बिजली कनेक्शन से संबंधित सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। गौरतलब है कि बीएसईएस ने अपने *डोर स्टेप सर्विस* विभाग के प्रतिनिधियों को टैब/ टैबलेट उपलब्ध करा दिए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द कनेक्शन दिया जा सके।

बीएसईएस प्रतिनिधि उपभोक्ता के घर जाकर, टैब के माध्यम से, उसके पहचान पत्र, आवास प्रमाण पत्र, आदि की स्कैनिंग कर लेगा और उसे उसी वक्त बीएसईएएस के संबंधित विभाग को भेज देगा। इसके अलावा, बीएसईएस प्रतिनिधि टैब से उपभोक्ता की फोटोग्राफ और उसके डिजिटल हस्ताक्षर भी उसी वक्त ले लेगा। जीपीएस के माध्यम से उपभोक्ता के घर/ दफ्तर की सही लोकेशन भी ले लेगा, ताकि जल्द से जल्द कनेक्शन दिया जा सके। बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, कंपनी की दो नई सेवाओं से उपभोक्ताओं का काफी समय बचेगा। उन्हें एक ही काम के लिए बार–बार बीएसईएस के दफ्तरों में नहीं आना पड़ेगा।